**दिनांक-30.12.2025 को प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में गन्ना आच्छादित क्षेत्रों में जल-जमाव के निराकरण हेतु समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।**

माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार के निदेश के क्रम में गन्ना उत्पादन क्षेत्रों में जल-जमाव के निराकरण हेतु प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में ईखायुक्त, बिहार, गन्ना विभाग के अधिकारियों, सुगर मिलों के प्रतिनिधियों तथा जल संसाधन विभाग के संबंधित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, एवं कार्यपालक अभियंता के साथ समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में गन्ना कृषि से संबंधित सुगर मिल के प्रतिनिधियों द्वारा जल-जमाव एवं इसके निदान हेतु पी.पी.टी का प्रस्तुतीकरण दिया गया जिसमें मुख्यतः जल जमाव के कारण गन्ना की खेती में आ रहे कठिनाईयों पर विस्तृत चर्चा की गई। गन्ना आच्छादित जिलों यथा पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सीवान, बेगुसराय एवं समस्तीपुर प्रक्षेत्र में लगभग 256655.00 एकड़ क्षेत्रफल में जल-जमाव के कारण गन्ना कृषि में लगभग 42% की कमी परिलक्षित होना बताया गया (सभी PPT का संकलन परिशिष्ट-1)।

इसके अतिरिक्त ईखायुक्त बिहार द्वारा गन्ना की खेती हेतु मार्च से जून महीने तक नहर संचालन हेतु अनुरोध किया गया।

गन्ना कृषि से संबंधित जिलों यथा पश्चिमी चम्पारण एवं पूर्वी चम्पारण में जल-जमाव के मुख्य कारण मसान नदी तथा सिकरहना नदी पर तटबंध नहीं होने से बाढ़ के कारण चौरों में जल का फैलाव होना साथ हीं चौरों से निसृत नालों, धारों एवं छोटी नदियों में गाद का होना, अतिक्रमण होना एवं नहरों पर निर्मित संरचनाओं से सुगमतापूर्वक जल की निकासी नहीं होना बताया गया। गोपालगंज, समस्तीपुर एवं बेगुसराय जिलों में जहाँ गन्ना कृषि होती है में चौरों से निसृत नालों, धारों एवं छोटी नदियों में गाद का होना, अतिक्रमण होना एवं सड़कों, नदी एवं नालों पर निर्मित संरचनाओं से सुगमतापूर्वक जल की निकासी नहीं होना बताया गया (परिशिष्ट-2 से 10)। उक्त तथ्यों को संज्ञान में लेते हुए इसके त्वरित निराकरण हेतु प्रधान सचिव द्वारा अभियंताओं को निदेश दिया गया ।

- **समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गये निदेश निम्नवत् है :-**

1. पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज एवं समस्तीपुर जिलान्तर्गत नहर एवं नहर संरचनाओं के कारण गन्ना कृषि क्षेत्र से जल निकासी के संबंध में यदि कोई बाधा हो तो विभाग को प्रतिवेदित करे।

   **(कार्रवाई:-मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी/सिवान)**

2. पश्चिमी चम्पारण एवं पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत त्रिवेणी नहर पर निर्मित क्रॉस ड्रेनेज के पुनर्स्थापन हेतु स्थल निरीक्षणोंपरांत प्रतिवेदन विभाग को समर्पित करे।

   **(कार्रवाई:-मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, मोतिहारी)**

3. मसान नदी पर जिन प्रभागों में तटबंध निर्मित नही है, में बाढ़ के कारण गन्ना कृषि क्षेत्रों मे होने वाले जल जमाव के समस्या के निदान से संबंधित Techno Feasible Report विभाग को उपलब्ध कराये।

   **(कार्रवाई:-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

4. पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सिवान, बेगुसराय एवं समस्तीपुर जिलें में गन्ना कृषि क्षेत्रों से जल जमाव के निराकरण हेतु नदियों एवं नालों को चिन्हित कर सूची विहित प्रपत्र (परिशिष्ट-12) में तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराये।

**(कार्रवाई:-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर/गोपालगंज/समस्तीपुर)**

5. गन्ना कृषि क्षेत्रों में पंडई नदी, मंझर नदी एवं सिकरहना नदी के निरंतर प्रवाह में उत्पन्न बाधाओं से होने वाले जल जमाव की समस्या एवं उसके निदान से संबंधित प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराये।

**(कार्रवाई:-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर)**

6. धमई नदी, धनखर नाला एवं हीरापाकड़-बनियापुर नाला का उड़ाही कार्य से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराये।

**(कार्रवाई:-मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज)**

7. मार्च से जून महीने में गन्ना कृषि हेतु नहर संचालन संबंधी विमर्श करने निमित निदेशित किया गया।

**(कार्रवाई:-अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना)**

8. पश्चिमी चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सिवान, बेगुसराय एवं समस्तीपुर जिलें में गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल जमाव के निराकरण हेतु वृहद अवधि, मध्यम अवधि एवं शीघ्र पूर्ण होने वाले योजनाओं को Three Tier Basis पर तैयार करने हेतु निदेशित किया गया। इसे दिनांक 30.01.2026 के पहले मुख्यालय भेज देंगे।

**(कार्रवाई:-सभी संबंधित मुख्य अभियंता)**

9. दिनांक-20.01.2026 को मुख्य अभियंता अपने स्तर से गन्ना कृषि क्षेत्रों में क्षेत्रीय अभियंताओं द्वारा किये गये सर्वेक्षण कार्य की समीक्षात्मक बैठक करेंगे, जिसमें गन्ना विभाग के अधिकारी/सुगर मिल्स के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। बैठक की कार्यवाही का प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराये। दिनांक-30.01.2026 को 12.00 बजे पुनः समीक्षा अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जायेगी।

**(कार्रवाई:-सभी संबंधित मुख्य अभियंता)**

10. बैठक में उपस्थित पदाधिकारीगण एवं 09 सुगर मिल्स के प्रतिनिधिगण की सूची परिशिष्ट-11 में संलग्न है।

11. अन्यान्य

गन्ना विभाग के अधिकारी/सुगर मील के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि छाड़ी नदी के उड़ाही से जल जमाव की समस्या में काफी कमी आयी है।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

6/1/26

(संतोष कुमार मल्ल)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-54 /पटना, दिनांक-06-01-2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ समर्पित।

06/01/2026
(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-54 /पटना, दिनांक-06-01-2026

प्रतिलिपि- प्रधान सचिव, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार को सूचनार्थ समर्पित।

06/01/2026
(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-54 /पटना, दिनांक-06-01-2026

प्रतिलिपि- कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को संबंधितों के ई-मेल करने एवं बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06/01/2026
(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

ज्ञापांक- बाढ़(मो0)सिं0वि0-60/2024-54 /पटना, दिनांक-06-01-2026

प्रतिलिपि- श्री संजय कुमार सिंह, भा0प्र0से0, विशेष कार्य पदाधिकारी, गृह विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित। कृपया माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराने की कृपा की जाय।

06/01/2026
(वरुण कुमार)
अभियंता प्रमुख,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण

परिशिष्ट–1

# बाढ़/जल–जमाव से प्रभावित चीनी मिल क्षेत्रों की विवरणी

| क्र॰ सं॰ | चीनी मिल का नाम | जिला का नाम | प्रभावित क्षेत्र (एकड़ में) | कुल क्षेत्र (एकड़ में) | प्रभावित क्षेत्र (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | हरिनगर सुगर मिल्स लि॰, हरिनगर | पश्चिमी चम्पारण | 30000.00 | 117408.00 | 25.55 |
| 2 | तिरूपति सुगर्स लि॰, बगहा | पश्चिमी चम्पारण | 63860.00 | 79258.00 | 80.57 |
| 3 | मगध सुगर एण्ड इनर्जी लि॰,<br>यूनिट–न्यू स्वदेशी सुगर मिल्स, नरकटियागंज | पश्चिमी चम्पारण | 25000.00 | 71186.00 | 35.12 |
| 4 | मझौलिया सुगर इंडस्ट्रीज प्रा॰ लि॰, मंझौलिया | पश्चिमी चम्पारण | 7660.00 | 38304.00 | 20.00 |
| 5 | एच॰पी॰सी॰एल॰ बायोफ्यूल्स लि॰, लौरिया इकाई, प॰ चम्पारण | पश्चिमी चम्पारण | 2839.00 | 30894.00 | 9.19 |
| | **कुल :** | | **129359.00** | **337050.00** | |
| 6 | एच॰पी॰सी॰एल॰ बायोफ्यूल्स लि॰, सुगौली इकाई, पूर्वी चम्पारण | पूर्वी चम्पारण | 10000.00 | 27213.00 | 36.75 |
| 7 | विष्णु सुगर मिल्स लि॰, गोपालगंज | गोपालगंज | 22136.00 | 36115.00 | 61.29 |
| 8 | मगध सुगर एण्ड इनर्जी लि॰,<br>यूनिट–भारत सुगर मिल्स, सिधवलिया, गोपालगंज | गोपालगंज | 74660.00 | 211135.00<br>(Agri. Area-175000<br>Cane Area-36135) | 35.36 |
| | **कुल :** | | **106796.00** | **274463.00** | |
| 9 | मगध सुगर एण्ड इनर्जी लि॰,<br>यूनिट–हसनपुर सुगर मिल्स, हसनपुर | समस्तीपुर | 20500.00 | 26590.00 | 77.10 |
| | कुल : | | **256655.00** | **638103.00** | 42.00 |

परिशिष्ट-2

1

# हरिनगर सुगर मिल्स लि०, हरिनगर

1. डुमरी गाँव से बसंतपुर घाट तक हमारे मिल क्षेत्र से बहने वाली मसान नदी के दोनों तरफ गाइड बांध।
2. सुगर मिल क्षेत्र से गुजरने वाली नहरे त्रिवेणी एवं दोन कैनाल के निचे बने साईफनों की सफाई, मरम्मती एवं विस्तारिकरण ।
3. सुगर मिल क्षेत्र के सिकटा क्षेत्र में नेपाल से आने वाली नदियों एवं चवर की सफाई तथा पुल निर्माण ।
4. सुगर मिल क्षेत्र के चनपटिया क्षेत्र में बाढ़ से जमने वाले पानी के निकाशी वास्ते उतरवाहनी नदी एवं चवरो की सफाई ।

परिशिष्ट - 3

2

# तिरूपति सुगर लि०, बगहा, पश्चिम चम्पारण

1. बगहा-2 प्रखंड अंतर्गत हरहा नाला, मुरहवा नाला, मतौरा नाला, गरकटी नाला, टीकरी नाला, नरईपुर माईनर, रोहुआ नाला, शिवलाहा नाला, मनोर नदी, मदनपुर नाला, पचरूखा नाला, भुरवा टोला नाला, कटहा नाला एवं सौराहा नाला का गाद सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त का कार्य।
2. बगहा-1 प्रखंड अंतर्गत टेंगराहा नाला, सिरहा/नटकहिया नाला, सिकरहना नाला, सरेही नाला, सोता, पईन एवं हरहा नाला का गाद सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त का कार्य।
3. पिपरासी प्रखंड अंतर्गत पकडियहवा नाला, मंझरिया नाला, पिपरिया टोला नाला एवं भप्सा नाला का गाद सफाई एवं अतिक्रमण मुक्त का कार्य।
4. मधुबनी प्रखंड अंतर्गत कचहरिया टोला नाला एवं दहवा नाला का गाद सफाई का कार्य।

1392

परिशिष्ट-4

3

# मगध सुगर एण्ड इनर्जी लिमिटेड, पश्चिम चम्पारण

1. गौनाहा प्रखंड अंतर्गत राजबहा नाला का गाद सफाई का कार्य।
2. नरकटियागंज प्रखंड अंतर्गत जमुआ नाला, सिंहपुरवा नाला, हरहा नाला, हंसी नाला, कठवां नाला, पोखरिया तोमलिया नाला का गाद सफाई एवं नाला निर्माण का कार्य।
3. लौरिया प्रखंड अंतर्गत तुरकी नाला, गजरिया नाला, पचफेरवा नाला का गाद सफाई का कार्य।

परिशिष्ट-5

4

# मझौलिया सुगर इंडस्ट्रीज प्रा०लि०, मंझौलिया

1. मझौलिया प्रखंड अंतर्गत कोहरा नदी, अकडाहा नदी एवं सिकरहना नदी में हुए बाढ़ के कारण गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल का फैलाव होता है, जिससे जल-जमाव होता है। वर्णित नदियों तथा मलहनी नाला का गाद सफाई एवं सिकरहना नदी पर तटबंध निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।
2. चनपटिया, सिकटा एवं बेतिया प्रखंड अंतर्गत सिकरहना नदी में हुए बाढ़ के कारण गन्ना कृषि क्षेत्रों में जल का फैलाव होता है, जिससे जल-जमाव होता है। सिकरहना नदी पर तटबंध निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।

परिशिष्ट-6

5

# एच॰पी॰सी॰एल॰ बायोफ्यूल्स लि॰, लौरिया इकाई, प॰ चम्पारण

1. लौरिया प्रखंड अंतर्गत सिकरहना नदी एवं उत्तर वाहिनी नदी में गाद होने के कारण बाढ़ का पानी गन्ना कृषि क्षेत्रों में फैल जाता है एवं जल-जमाव होता है। वर्णित नदियों का गाद सफाई एवं तटबंध निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।
2. योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत गंडक नदी में गाद होने के कारण बाढ़ का पानी गन्ना कृषि क्षेत्रों में फैल जाता है साथ ही चौवर का भू-तल निम्न होने के कारण वर्षा एवं बाढ़ का पानी से जल-जमाव होता है। गंडक नदी का गाद सफाई, तटबंध निर्माण एवं नये जल निस्सरण नाला निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।
3. बगहा-1 प्रखंड अंतर्गत गंडक एवं सिकरहना नदी में गाद होने के कारण बाढ़ का पानी गन्ना कृषि क्षेत्रों में फैल जाता है एवं जल-जमाव होता है। वर्णित नदियों का गाद सफाई एवं नाला निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।
4. चनपटिया प्रखंड अंतर्गत उत्तर वाहिनी नदी में गाद होने के कारण बाढ़ का पानी गन्ना कृषि क्षेत्रों में फैल जाता है एवं जल-जमाव होता है। नदी का गाद सफाई एवं नाला निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।

परिशिष्ट-7

6

# एच॰पी॰सी॰एल॰ बायोफ्यूल्स लि॰, सुगौली इकाई, पू॰ चम्पारण

1. मझौलिया प्रखंड अंतर्गत सिकरहना नदी, नहर का पानी, कठैया सोती में गाद होने के कारण बाढ़ एवं वर्षा का पानी गन्ना कृषि क्षेत्रों में फैल जाता है एवं जल-जमाव होता है। सिकरहना नदी पर तटबंध निर्माण, गाद सफाई, पुलिया निर्माण एवं नाला निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।
2. सुगौली प्रखंड अंतर्गत सिकरहना नदी में गाद होने के कारण बाढ़ एवं वर्षा का पानी गन्ना कृषि क्षेत्रों में फैल जाता है एवं जल-जमाव होता है। सिकरहना नदी पर तटबंध निर्माण हेतु अनुरोध किया गया है।

परिशिष्ट-8

7

# विष्णु सुगर मिल्स लिमिटेड, गोपालगंज

1. धनखर नाला एवं हीरापाकड़-बनियापुर नाला से अतिक्रमण हटाने एवं गाद सफाई होने से 10000 एकड भूमि जल-जमाव से मुक्त हो जायेगी।
2. सेमरा-नवादा से सिपाया जल निकासी मार्ग की सफाई से 2200 एकड़ भूमि जल-जमाव से मुक्त हो जायेगी।
3. विशुनपुर टोला के भगहा पुल के तल का गाद सफाई एवं अतिक्रमण हटाने से 300 एकड़ भूमि जल-जमाव से मुक्त हो जायेगी।
4. गौसिया सहलादपुर स्लूईस गेट एवं भगवानपुर स्लूईस गेट के तल एवं नाला के गाद सफाई से क्रमशः 1600 एवं 150 एकड़ भूमि जल-जमाव से मुक्त हो जायेगी।
5. धमईया नाला को अतिक्रमण मुक्त एवं गाद सफाई से 3500 एकड़ भूमि जल-जमाव से मुक्त हो जायेगी।
6. छाड़ी नाला को अतिक्रमण मुक्त एवं गाद सफाई से 1800 एकड़ भूमि जल-जमाव से मुक्त हो जायेगी।

परिशिष्ट-9



# मगध सुगर एण्ड इनर्जी लिमिटेड, यूनिट-भारत सुगर मिल्स, सिधवलिया, गोपालगंज

1. बरौली प्रखंड अंतर्गत भूतही नाला की सफाई, स्लूईस गेट, नाला का गाद सफाई एवं पुलिया निर्माण होने से 4300 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
2. बैकुठपुर प्रखंड अंतर्गत पुलिया निर्माण, स्लूईस गेट निर्माण, नाला सफाई का कार्य होने से 10000 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
3. सिधवलिया प्रखंड अंतर्गत घोघरी नदी का सफाई, पुल निर्माण एवं पुल के तल की सफाई कार्य से 8900 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
4. केसरिया प्रखंड अंतर्गत नाला की सफाई होने से 6300 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
5. कोटवा प्रखंड अंतर्गत नाला की सफाई होने से 5400 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
6. कल्याणपुर प्रखंड अंतर्गत पुल निमार्ण एवं नाला की सफाई होने से 5750 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
7. पिपराकोठी प्रखंड अंतर्गत नाला की सफाई होने से जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।
8. साहेबगंज प्रखंड अंतर्गत नाला की सफाई होने से 2600 एकड़ भूमि जल जमाव से मुक्त हो जायेगी।

परिशिष्ट-10.



# मगध सुगर एण्ड इनर्जी लिमिटेड, यूनिट-हसनपुर सुगर मिल्स, हसनपुर

1. हैहिया नाला, लाखर चौर, मनिहार चौर से निसृत जल निस्सरण नाला एवं हैहिया नाला का गाद सफाई कार्य।
2. महेश्वर चौर से मृत बागमती नदी तक जल निस्सरण नाला का गाद सफाई कार्य।
3. त्रिमुहानी स्लूईस गेट से संतोष बैराज तक मृत बागमती नदी के सुगम जल प्रवाह हेतु गाद सफाई कार्य।
4. चौरों से सुगम जल निकासी हेतु नालों एवं संरचनाओं को अतिक्रमण मुक्त कर गाद सफाई कार्य।

परिशिष्ट-II
1385

## बैठक में उपस्थित पदाधिकारिगण एवं सुगर मिल्स के प्रतिनिधिगण की सूची

| क्र0 | नाम | पदनाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री संतोष कुमार मल्ल | प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, बिहार। | |
| 2 | श्री अनिल कुमार झा | ईखायुक्त बिहार। | |
| 3 | श्री वरूण कुमार | अभियंता प्रमुख, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, पटना। | 7463889105 |
| 4 | श्री जय प्रकाश नारायण सिंह | संयुक्त ईखायुक्त, बिहार। | 9471007240 |
| 5 | श्री प्रमोद कुमार | मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, गोपालगंज। | 7463889616 |
| 6 | श्री नवल किशोर भारती | मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, समस्तीपुर। | 7463889766 |
| 7 | श्री धमेन्द्र कुमार | मुख्य अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, मुजफ्फरपुर। | 7463889891 |
| 8 | श्री विवेक गौरव | अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल, पटना। | 7463889112 |
| 9 | मो0 जकाउल्लाह | संयुक्त निदेशक, जल विज्ञान निदेशालय अनिसाबाद, पटना। | 9934296726 |
| 10 | श्री अनिश रंजन | अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, मोतिहारी। | 7979948676 |
| 11 | श्री दिनेश कुमार | अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण अंचल, गोपालगंज। | 7004573247 |
| 12 | श्री टिंकु कुमार | कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण रुपांकण प्रमंडल-4 पटना। | 9471935248 |
| 13 | श्री योगेन्द्र पंडित | कार्यपालक अभियंता, जल विज्ञान प्रमंडल-1 पटना। | 9471638525 |
| 14 | श्री मदन चन्द चौधरी | कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल सिवान। | 7763046451 |
| 15 | मो0 साजिद ईकबाल | कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल गोपालगंज। | 8084182734 |
| 16 | श्री पवन कुमार | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, सिवान। | 9304872025 |
| 17 | श्री इफ्तेकार इमाम | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, मोतिहारी। | 9905779093 |
| 18 | श्री खुर्शीद अहमद | कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, बेतिया। | 7033926008 |
| 19 | श्री कृपाल चौधरी | कार्यपालक अभियंता, जल निस्सरण प्रमंडल, समस्तीपुर। | 9334149037 |
| 20 | श्री वेदव्रत कुमार | सहायक ईखायुक्त, मुख्यालय। | 9471007242 |
| 21 | श्री नरेश भट्ट | सचिव, बिहार सुगर मिल्स | 9934011251 |
| 22 | श्री एस.आर. भारद्वाज | डी.जी. एम. (केन)। | 8887635213 |
| 23 | श्री सौरभ सिन्हा | गन्ना अधिकारी मुजफ्फरपुर। | 8709093958 |
| 24 | श्री पुष्कर राज | गन्ना अधिकारी दरभंगा। | 8271091664 |
| 25 | श्री कमर कानन | गन्ना अधिकारी सिवान। | 9471878451 |
| 26 | श्री राहुल कुमार | गन्ना अधिकारी मोतिहारी। | 9013231852 |
| 27 | श्री रेमंत झा | गन्ना अधिकारी, बेतिया अंचल, बेतिया। | 9471007219 |
| 28 | श्री श्रीराम सिंह | गन्ना अधिकारी, रामनगर अंचल, बेतिया। | 9471007220 |
| 29 | श्री सुबोध कुमार सुधांशु | सहायक निदेशक, ईख, गोपालगंज। | 7004373492 |
| 30 | शिवांगी पाण्डेय | गन्ना अधिकारी समस्तीपुर। | 8303125820 |
| 31 | श्री अरुण कुमार | महाप्रबंधक, तिरुपति सुगर्स लिमिटेड् बगहा। | 8757484848 |
| 32 | श्री ए.के शुकला | ईख प्रबंधक, एच.एस. मिल्स। | 7766917345 |
| 33 | श्री प्रसून रंजन | रेसिडेन्ट मैनेजर, एच.एस. मिल्स। | 9835086913 |
| 34 | श्री के.एस. ढाका | ई.भी.पी. सुगर मिल्स नरकटियागंज। | 7295010471 |
| 35 | श्री मनोज कुमार सिंह | मुख्य गन्ना प्रबंधक। | 8521104611 |
| 36 | श्री गिरिजेश सिंह | उप महाप्रबंधक (गन्ना), विष्णु सुगर मिल। | 7007341231 |
| 37 | श्री के0 पी0 सिंह | हरिनगर सुगर मिल। | 9955996203 |
| 38 | श्री एम.एल. शर्मा | हरिनगर सुगर मिल्स। | 7766917350 |
| 39 | श्री बी0 एन0 त्रिपाठी | तिरुपति सुगर्स लिमिटेड् बगहा। | 6204343604 |
| 40 | श्री रामजी सिंह | उप महाप्रबंधक, मझौलिया सुगर मिल। | 9771475110 |
| 41 | श्री चितरंजन तिवारी | प्रबंधक सेल्स एण्ड मारकेटिंग, एच.पी.सी.एल. बायोफ्यूल्स लिमिटेड। | 9650731001 |
| 42 | श्री अमर कुमार | सी.ओ.ओ. एच.पी.सी.एल. बायोफ्यूल्स लिमिटेड, पटना। | 9431821217 |
| 43 | श्री संजीव कुमार | डिप्टी सी.एम. एच.बी.एल. सुगौली। | 9771494158 |
| 44 | श्री अशोक मितल | ई.पी. हसनपुर। | 9369488925 |

:- गन्ना आच्छादित क्षेत्रों का सर्वेक्षण का विहित प्रपत्र।

मुख्य अभियंता परिक्षेत्र का नाम:-

अंचल का नाम:-

| क्र०सं० | प्रमंडल का नाम | गन्ना आच्छादित क्षेत्र का विवरण | | | | जल निस्सरण नाला/नदी की स्थिति | | | | | | नाला/नदी पर निर्मित पुल/पुलियों की संख्या एवं स्थिति/ स्वामित्व विभाग | योजना की अनुमानित राशि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जिला | प्रखण्ड | ग्राम | जल जमाव से प्रभावित अनुमानित क्षेत्र (एकड़) | चौर का नाम | जल निकासी हेतु नाला/नदी है अथवा नही। | नदी/नाला का विवरण | नदी/नाला में अतिक्रमण की स्थिति | नदी/नाला में गाद की स्थिति | उदगम स्थल/अंतिम मिलान स्थल | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | |